https://mail.gov.in/iwc_static/layout/shell.html?lang=en&3.0.1

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS
Faridabad Branch Office

Address SCO-21, Sector 12
Faridabad-121007

Phones (0129-2292173, 2292175
Fax: 0129-2291860
E-Mail: fdo@bis.org.in
web: http://www.bis.org.in

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 10 जून 2016

## भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा रिवाड़ी में बिना बीआईएस हालमार्क लाइसेंस के हालमार्क लगाकर बेचने वाले ज्वैलर पर छापा

भारतीय मानक ब्यूरो के फरीदाबाद शाखा कार्यालय के अधिकारियों ने भारतीय मानक ब्यूरो, फरीदाबाद के प्रमुख श्री सुनील कुमार के आदेशानुसार रिवाड़ी शहर के पुलिस स्टेशन, हरियाणा पुलिस के सहयोग से बी आई एस हालमार्क के दुरूपयोग के खिलाफ दिनांक 09 जून 2016 को ज्वैलरी आउटलेट, मै0 जय दुर्गे आभूषण केन्द्र, 1155, सदर बाजार, रिवाड़ी, हरियाणा के परिसर पर छापा मारा। ज्वैलर हाल मार्क ज्वेलरी को खुले बाज़ार में बेचता हुआ पाया गया। फर्म के मालिक का नाम श्री नरेन्दर वर्मा है। भारतीय मानक ब्यूरो की टीम का नेतृत्व श्री ए0 के0 पोपली, वैज्ञानिक सी ने किया। टीम में अन्य सदस्य श्री मोहित जनोईया, वैज्ञानिक बी, श्री जय पाल सिंह, अनुभाग अधिकारी और हरियाणा पुलिस के अधिकारी शामिल थे।

छापे के दौरान, हॉलमार्क लगी ज्वेलरी दुकान में पाई गई और मै0 जय दुर्गे आभूषण केन्द्र खुले बाजार में बी आई एस हालमार्क लोगो लगाकर बेच रहा था जो कि भारतीय मानक ब्यूरो के लाइसेंस के बिना अवैध है। छापे के समय, हॉलमार्क लगे स्वर्ण की अंगूठियाँ और पैन्डैन्ट दुकान पर बेचे जाते पाये गये। इस फर्म व इसके मालिक के विरूद्ध भारतीय मानक ब्यूरो अधिनियम, 1986 के अन्तर्गत कार्यवाही की जा रही है। इस तरह के अपराध की सज़ा एक वर्ष तक का कारावास अथवा 50,000/- रुपये या दोनों जुर्माना है।

भारतीय मानक ब्यूरो के प्रवक्ता ने यह भी बताया कि बीआईएस हालमार्क लाइसेंस के बिना हाल मार्क लगाने वाले ज्वेलर्स के विरूद्व कार्यवाही की जाएगी। इस तरह से बिना लाइसेंस के हाल मार्क लगा कर जो भी कोई ज्वेलरी बना या बेच रहा है, उस पर भी जल्दी ही उचित कार्यवाही की जाएगी। आम जनता से अपील है कि हालमार्क के किसी भी दुरूपयोग की सूचना (जो उनके नोटिस में आती है) निम्नलिखित पते पर दें।

श्री ए0 के0 पोपली,
वैज्ञानिक सी एवं पी0 आर0 ओ0,
भारतीय मानक ब्यूरो, एस0 सी0 ओ0 21, सैक्टर 12,
फरीदाबाद – 121007
दूरभाष: 0129-2292173, 0129-2292175

सुनील कुमार 10.06.2016
(सुनील कुमार)
वैज्ञानिक एफ एवं प्रमुख

अनिल पोपली 10/06/16

Press release - english.jpg

भारतीय मानक ब्यूरो
BUREAU OF INDIAN STANDARDS

Faridabad Branch Office

Address: SCO 21, Sector 12
Faridabad-121007

Phones : 0129-2292175, 2292179
Fax: 0129-2291860
E-Mail: fbo@bis.gov.in
web : http://www.bis.gov.in

PRESS RELEASE

10 June 2016

## BIS Raids Jeweller supplying hallmarked jewellery without BIS licence at Rewari

Based on the information received, officers of Bureau of Indian Standards (BIS), Faridabad Branch Office conducted a raid on 09 June 2016 with the help of Haryana Police from City Police Station, Rewari at the premises of jewellery outlet, M/s Jai Durge Abhushan Kendra, 1155, Sadar Bazar, Rewari, Haryana as directed by Head, Shri Sunil Kumar of the Faridabad Branch Office of BIS. The jeweller was found misusing BIS hallmark on Gold jewellery and supplying in the open market. The name of the owner of jewellery outlet is Shri Yatender Verma. The above raid was conducted by a team consisting of Shri A.K. Popli, Sc.C, Shri Mohit Janoiya, Sc. B and Shri Jai Pal, Section Officer alongwith the officers of Haryana police from Rewari City Police Station, Rewari, Haryana.

During the raid, large number of hallmarked jewellery was found available and being sold in the open market by M/s Jai Durge Abhushan Kendra, Rewari by using BIS hallmark Logo. The jeweller was selling hallmarked jewellery without hallmark licence from BIS which is illegal. At the time of raid, hallmarked gold rings and gold pendants have been found available at the jewellery outlet. The action is being initiated against the owner of M/s Jai Durge Abhushan Kendra, Rewari, Haryana under BIS Act, 1986. The penalty for this type of offence is one year imprisonment or Rs. 50,000/- or both.

It is informed by the BIS spokesperson that the action shall be taken against the jewellers who are using BIS hallmark on the jewellery without BIS hallmark licence. Other jewellers who are selling and storing the jewellery with duplicate hallmark without BIS licence shall also be raided. It is appealed to the general public to give information regarding any misuse of hallmark if noticed at the following address:

Shri A.K. Popli,
Scientist C & P.G.O.,
Bureau of Indian Standards,
SCO 21, Sector 12,
Faridabad – 121007
Phone: 0129-2292173, 0129-2292175

10062016
(Sunil Kumar)
Scientist F & Head

10/6/16

letter of the firm ing